राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–175 /2024

राज्यपाल ने कुलपतियों के साथ बैठक की

पटना, 30 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों की आधिकारिक वेबसाईट एवं सोशल मीडिया के अन्य सभी प्लेटफार्म पर अद्यतन जानकारियाँ उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने निदेश दिया कि कुलपति सक्षम प्राधिकार की अनुमति के उपरान्त ही अपना मुख्यालय छोड़ें। वे अपने क्षेत्राधीन संबद्ध एवं मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों का नियमित भ्रमण कर उनका निरीक्षण करें। कुलपतियों का आचरण उनके पद की मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में लोकपाल की नियुक्ति के दौरान अभ्यर्थी की योग्यता पर विशेष ध्यान दें तथा छात्रसंघ का चुनाव विश्वविद्यालय की सुविधा और परिस्थिति को ध्यान में रखकर करायें। उन्होंने भारतीय भाषा में पाठ्य पुस्तक के लेखन की शुरूआत करने तथा नैक के लिए भी प्रयास करने को कहा।

राज्यपाल ने शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के सेवांत लाभ की समीक्षा के दौरान निदेश दिया कि दो या दो से अधिक विश्वविद्यालयों से जुड़े मामलों का निपटारा संबंधित कुलपतिगण आपस में विचार–विमर्श कर करें। उन्होंने कहा कि सेवांत लाभ के भुगतान में किसी भी शिक्षक या शिक्षकेत्तर कर्मचारी के साथ भेद–भाव नहीं होना चाहिए।

उन्होंने विगत बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन, स्नातक व स्नातकोत्तर के एकेडमिक कैलेण्डर एवं लंबित परीक्षाओं की स्थिति की भी समीक्षा की तथा महत्वपूर्ण निदेश दिए।

राज्यपाल की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....